मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8

अनुक्रमांक ....

नाम ....

936 **830(NU)**

2020

चित्रकला

समय : तीन घण्टे 15 मिनट] [पूर्णांक : 70

नोट : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

निर्देश :

i) मुखपृष्ठ (cover page) तथा इसमें रखे प्रत्येक उत्तर पत्र के दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में साफ-साफ लिखिए।

ii) प्रश्नपत्र **तीन** खण्डों में विभाजित है। इनमें से खण्ड **क** का प्रश्न अनिवार्य है। खण्ड **ख** और खण्ड **ग** में से किसी **एक** खण्ड का ही प्रश्न हल करना है।

iii) खण्ड **क** के 'प्राकृतिक दृश्य चित्रण' **अथवा** 'आलेखन' **अथवा** 'प्राविधिक कला' में से केवल **एक** का ही चित्रण करना है।

iv) खण्ड **ख** से 'स्मृति चित्रण' **अथवा** खण्ड **ग** से 'भारतीय चित्रकला' में से किसी **एक** का ही उत्तर देना है।

v) केन्द्र व्यवस्थापक अपनी हस्ताक्षर युक्त मुहर (Facsimile) प्रत्येक प्रपत्र पर लगाएँ और उन पर कक्ष निरीक्षक के भी हस्ताक्षर करवाएँ।

खण्ड 'क'

(अनिवार्य)

(प्राकृतिक दृश्य चित्रण)

1. अपने उत्तर पत्रक पर सामान्य हाशिया छोड़ते हुए 25 सेमी × 20 सेमी के आयत में ऊषाकालीन ग्रामीण दृश्य-चित्रण कीजिए जिसमें झोपड़ियों के पीछे छोटे-बड़े पेड़, आकाश में उड़ते पक्षी, पेड़ों के पीछे ऊषाकालीन सूर्य दिख रहा **हो**। सैर का आनन्द लेने नदी की ओर जाता **एक** व्यक्ति। संयोजन स्पष्ट, सुन्दर एवं प्राकृतिक होना चाहिए। चित्र में जलरंगों अथवा पेस्टल रंगों का प्रयोग कीजिए। जलरंग हेतु ह्वाट्मैन पेपर और पेस्टल रंग हेतु पेस्टल पेपर का प्रयोग करें।

चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखिए :

अ) सही रचना एवं परिप्रेक्ष 15

ब) संयोजन 7½

स) सुसंगत रंगों का चयन एवं उनका प्रयोग 15

द) आकर्षक एवं सामान्य प्रभाव। 7½

अथवा

(आलेखन)

10 सेमी के अर्धव्यास के वृत्त में अल्पना डिजाइन की मौलिक इकाई बनाइए जो दीपावली पर्व हेतु उपयुक्त हो। आलेखन कमल के फूल, पत्तियों एवं कलियों पर आधारित हो। ट्रेसिंग करना वर्जित है। आलेखन में तीन रंगों का प्रयोग कीजिए।

आलेखन में निम्न बिन्दुओं पर ध्यान दीजिए :

अ) मौलिकता 15

ब) संयोजन 7½

स) उत्तम रंग संगति 15

द) सामान्य प्रभाव व आकर्षण। 7½

अथवा

(प्राविधिक कला)

सूचना :

i) निम्नलिखित **पांच** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए।

ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।

iii) प्रत्येक उत्तर की रचना में निर्दिष्ट रेखायें, रचनात्मक रेखायें एवं अभीष्ट रेखायें स्पष्ट हों।

iv) रफ़ कार्य श्वेत फुलस्केप पेपर पर कीजिए। इसे भी अपने उत्तर पत्र के साथ संलग्न कर दीजिए। 3 × 15 = 45

अ) एक वृत्त की रचना कीजिए जिसकी त्रिज्या 3·6 सेमी है। वृत्त के केन्द्र **अ** से 8 सेमी दूरी पर **ब** बिन्दु है। बिन्दु **ब** से दिए वृत्त पर स्पर्श रेखा खींचिए। 7 + 8

ब) एक त्रिभुज **अ ब स** की रचना कीजिए, जिसका परिमाप 14 सेमी है तथा भुजाओं का अनुपात 3 : 5 : 6 दत्त है। 7 + 8

स) 4 सेमी भुजा के एक समषट्भुज की रचना ज्यामितीय विधि द्वारा कीजिए। षट्भुज के अन्तर्गत एक आकर्षक ज्यामितीय आलेखन बनाइए। आलेखन रेखाओं और चापों पर आधारित होना चाहिए। 7 + 8

द) एक **अ ब स द** समानान्तर चतुर्भुज, जिसमें संलग्न भुजाओं **अ ब** = 5·5 सेमी तथा **अ द** = 6 सेमी और मध्य का कोण 60° है, बनाइए। समानान्तर चतुर्भुज के क्षेत्रफल के बराबर एक आयत की रचना कीजिए। 7 + 8

य) 2·5 सेमी से 1 मीटर की दूरी प्रदर्शित करने वाली एक मापनी की रचना कीजिए, जिसमें मीटर और डेसीमीटर पढ़े जा सकें। मापनी का निरूपक भिन्न ज्ञात कीजिए। मापनी पर 3 मीटर 7 डेसीमीटर दूरी को प्रदर्शित कीजिए। 5 + 5 + 5

VERTEXAL

खण्ड 'ख'
(स्मृति चित्रण)

2. इस प्रश्न में दो भाग **अ** तथा **ब** हैं। दोनों ही भागों को चित्रित कीजिए।

अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** का स्मृति-चित्रण पेन्सिल द्वारा बनाइए। चित्र 15 सेमी से कम न हो।

चित्र में निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दें :

i) रेखा सौष्ठव 6

ii) सही आकार एवं अनुपात। 6½

a) बाल्टी और मग
b) पुस्तक और पेन
c) छाता
d) हॉकी स्टिक और गेंद।

ब) निम्नलिखित में से किसी **एक** का स्मृति-चित्रण पेन्सिल द्वारा कीजिए। चित्र 15 सेमी से कम न हो।

चित्र में निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दें :

i) रेखा सौष्ठव 6

ii) सही आकार एवं अनुपात। 6½

a) पत्तियों सहित आम
b) शलजम पत्ती के साथ
c) गाजर पत्ती के साथ
d) दो केले एक जोड़ा में।

अथवा

खण्ड 'ग'
(भारतीय चित्रकला)

3. अ) भारतीय चित्रकला की विशेषताओं का उल्लेख संक्षेप में कीजिए। 15

अथवा

निम्न पर प्रकाश डालिए : 15

i) अजन्ता की गुफा
ii) बाघ गुफा।

ब) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के उत्तर चार विकल्पों में दिए गए हैं। उनमें से सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में क्रम से लिखिए :

i) निम्न में से कौन-सा रंग ठण्डा है ?
अ) पीला ब) हरा
स) लाल द) नारंगी। 1

ii) काले का विरोधी रंग है
अ) नीला ब) लाल
स) हरा द) सफेद। 1

iii) उत्तर प्रदेश में ललितकला अकादमी कहाँ स्थित है ?
अ) इलाहाबाद ब) लखनऊ
स) कानपुर द) वाराणसी। 1

iv) इन्द्रधनुष में कितने रंग होते हैं ?
अ) पाँच ब) दो
स) सात द) तीन। 1

VERTEXAL

v) कौन-सी पेन्सिल से खींची गई रेखा अधिक काली होती है ?

अ) 6B ब) HB

स) 2B द) H. 1

vi) जोगीमारा गुफा कहाँ स्थित है ?

अ) मध्य प्रदेश ब) महाराष्ट्र

स) मिजोरम द) केरल। 1

vii) तटस्थ रंग कौन-सा हैं ?

अ) लाल-हरा ब) हरा-पीला

स) काला-सफेद द) नीला-सफेद। 1

viii) निम्नलिखित में से द्वितीयक रंग कौन-सा है ?

अ) लाल ब) नारंगी

स) नीला द) पीला। 1

ix) सम्पूर्ण कोण होता है

अ) 360° ब) 60°

स) 180° द) 90°. 1

x) रंग माध्यम में सबसे अधिक पारदर्शी रंग कौन-सा होता है ?

अ) पोस्टर कलर

ब) वाटर कलर

स) पेस्टल कलर

द) आयल कलर। 1

VERTEXAL